श्री स्वर्ण सिंह : भारत का विदेश मंत्री हूं और बर्मा से दोस्ती रखना चाहता हूं ।

---

**12.36 hrs.**

STATEMENT RE. CORRECTION OF ANSWER TO S.Q. No. 371, *Re.* TRANSMITTERS FROM YUGOSLAVIA.

**The Minister of Information and Broadcasting (Shri Raj Bahadur):** In reply to the Starred Question No. 371 in the Lok Sabha on the 22nd November, 1965, the Minister for Information and Broadcasting informed this House that the formal contract for the supply and installation of a 1000 kw mw transmitter (comprising two 500 kw mw units) was signed with the Yugoslav firm on the 19th November 1965. There was a slight error in the date mentioned therein. The correct date for signing the contract is 17th November, 1965.

**Shri Hari Vishnu Kamath** (Hoshangabad): I am constrained to say, Sir, that this habit of giving wrong answers and correcting them at leisure is growing and proliferating on the treasury benches. Not a week passes without such corrections being made once or twice. This answer was given by the then Minister of Information and Broadcasting who is now happily the Prime Minister. May I know whether you propose to discountenance such practice? The Ministers should be *au courant* and posted with the correct information. Who is responsible for this mistake? Is the Secretary to the Ministry responsible for giving the wrong information?

**Shri Raj Bahadur:** There was only a slight error in the date.

**Shri Hari Vishnu Kamath:** But there is some mistake. By whom was it made? Is the Minister's Secretariat responsible? Or was she herself responsible for giving the wrong answer and correcting it at leisure?

**Mr. Speaker:** Really attempts should be made to avoid mistakes and there ought not to be frequent occasions for correcting them. But mistakes do occur sometimes; there is no wonder in it. Sometimes there is a mistake and if it has been corrected, there is no harm.

---

**Mr. Speaker:** Further consideration.

**Shri S. M. Banerjee** (Kanpur): I have a submission to make with your permission.....

**Mr. Speaker:** Everyone has a submission, but only interruptions are made.

**Shri S. M. Banerjee:** The other day I requested you, like other members, that the Labour Minister should make a statement on the Bombay textile strike. I would request you to ask the Labour Minister to make that statement today.

**Mr. Speaker:** All right.

---

**12.38 hrs.**

MOTION ON THE PRESIDENT'S ADDRESS—*Contd.*

**Mr. Speaker:** The House will now take up further consideration of the following motion moved by Shri Shivaji Rao S. Deshmukh and seconded by Pandit J. P. Jyotishi on the 21st February 1966, namely:—

"That an Address be presented to the President in the following terms:—

'That the Members of Lok Sabha assembled in this Session are deeply grateful to the President for the Address which he has been pleased to deliver to both Houses of Parliament assembled together on the 14th February 1966'."

Out of 20 hours, 17 hours and 5 minutes have been taken and 2 hours and 55 minutes remain. It is now 12.40

and we shall adjourn at 4.30. I have received a very interesting and amusing letter from Dr. Chandak. He says he has been a very quite member and he has not got an opportunity to speak. I would certainly like to give him an opportunity. The Prime Minister would not be able to finish her reply....,

**Shri Hari Vishnu Kamath** (Hoshangabad): Let her reply tomorrow.

**Mr. Speaker**: All right we will continue upto 4:30 with this and members will speak. The Prime Minister will reply tomorrow.

Shri Malaichami may continue his speech.

**Shri M. Malaichami** (Periyakulam): Sir, in continuation of my speech day before yesterday, when I said that the government was able to tide over the food crisis by pursuing a vigorous policy of intense procurement, rationing and judicious distribution and import, I would like to say that in the case of procurement and rationing, the civil supply authorities are not discharging their duties efficiently and in a manner that will help to tackle the problem successfully. The administration should be streamlined to eradicate corruption and to ensure better service from the personnel.

At present when the zonal system is being much criticised, I would like to offer one suggestion to tackle the problem of proper distribution. We must have a national levy system throughout the country. Wherever there is surplus production and availability of foodgrains, it must be procured on a levy system and distribution should be arranged by rationing it in urban areas and cities with a big population.

In the semi-urban areas and rural areas fair price shops should be started so that the scarcity in the semi-urban areas could be tackled by providing foodgrains through these fair price shops at reasonable prices. This will help the poor sections of the people in the country to get their requirements of foodgrains at reasonable prices even during scarcity times and off-seasons. At the same time, people in the urban areas will also be getting their requirements of foodgrains through rationing. Therefore, to have control over distribution the Government must have some stock with them which could be done by adopting the levy system on a national scale.

To increase production of foodgrains much headway has to be made in the utilisation of irrigation potential. At present only 40 per cent of the irrigation potential is being utilised. 43 million acres of cultivable land is left uncultivated. Steps must be taken to fully utilise the irrigation potential and bring the cultivable land under cultivation. Steps should also be taken to allot such lands to landless agriculturists in blocks and to bring them under cultivation.

I know of a medium irrigation scheme in my constituency which when taken up will give immediate results to irrigate about 4000 acres of land which is now rain-fed. The Sothuparai-Kuppamparai scheme is pending sanction of the Planning Commission. Clearance is to be given immediately so that the 4000 acres could be brought under irrigation to increase food production.

Then, there are inter-State river schemes which on account of differences between the States in their approach are found to be difficult of implementation. For example, the Kottar scheme sponsored by the Madras State to utilise the waters of Kerala State is still pending implementation on account of the differences of opinion between the two States. Such difficulties must be overcome and the Centre should evolve a co-ordinated scheme to utilise the water resources of the country on a national scale and to make the utilisation of water on a rational basis. Effective steps must

be immediately taken by the Centre to avoid such lag in the utilisation of water and see that the water resources of the country are effectively utilised.

**12·44 hrs.**

[SHRI P. K. DEO *in the Chair*]

To tap subsoil water more wells must be sunk and pump-sets installed. To work increased pump-sets, there must be adequate power supply and more thermal plants must be established in addition to the hydro-electric plants which could not be depended upon in times of drought as this year.

In this connection, I would request that the Kalpakam Atomic plant in Madras and the Tuticorin thermal plant should be taken up immediately, instead of penalising the State for efficiency and economic utilisation.

**श्री हुकम चन्द कछवाय (देवास) :** मैं आप की व्यवस्था चाहता हूं, सदन में गणपूर्ति नहीं है ।

**Mr. Chairman:** The hon. Member may kindly resume his seat. The bell is being rung....Now there is quorum. He might continue his speech.

**Shri M. Malaichami:** Experts say that 100 million tons of millets could be produced in 25 million acres. This is possible only if agriculture is modernised and for modernisation it needs a scientific approach. Programmes like soil-testing and schemes for prevention of soil erosion which help in inreasing production should be carried out throughout the country. Instead of devoting attention only on chemical fertilizers, attention must also be bestowed on farm yard manure, compost and green manure. As they are equally effective to fertilize the soil, they should be used extensively depending upon the nature and fertility of the land.

Power tillers and small tractors should be produced in the country to meet the demand of the agriculturists. Spare parts for the existing tractors must also be made available through the State Trading Corporation.

There is much talk of using improved seeds but they are not supplied to the agriculturists in adequate quantities. Some experts say that exotic seeds result in doubling the yield. Government should pay attention to the various suggestions made by experts about the suitability of particular seeds for particular soils and supply the varieties required by the agriculturists so that the maximum yield could be obtained from the land.

Then, availability of credit to the agriculturists also needs special attention on the part of the Government. Most of the agriculturists are indebted and they are not able to secure credit for carrying on their agricultural operations like purchase of improved seeds or fertilizer. So, an effective policy should be evolved by the Centre for providing credit facilities to the agriculturists.

Payment of a remunerative price for the produce is one of the other most important requirements for increase in farm production. Suppose an industrialist finds that his products are not getting a good price; he will immediately switch on to the production of some other item. But the agriculturist has no such option. Whether there is profit or not, whether he is able to maintain his family with the income from agriculture or not, whether it is self-supporting or not, he cannot give up agriculture. Suppose all the agriculturists decide to give up agriculture and take to industry, we can very easily imagine the consequences of such a step for the country. To avoid such a situation we must pay a remunerative price to the agriculturist so that he will have the confidence that his problem and

difficulties are recognised by the Government and that he will get a fair deal from the Government. The creation of such confidence in the agriculturists is very necessary for increased production and that confidence can be created only if we give them a remunerative price for their produce.

Then, unlike industry, agriculture has to face some risks. The agriculturist is a victim of the vagaries of the monsoon. If there is either drought or too much of rainfall, or rainfall at the improper time, his crops are affected. Therefore, in order to cover such risks now faced by the agriculturists, Government must initiate some crop insurance scheme.

One more point of equal importance is the efficiency of agricultural research to combat disease and evolve improved hybrids which will help improve production. Cardamom is a foreign exchange earning commodity. It is grown in Kerala, Mysore and Madras States. The plant is affected by a virus called "Kattai" which at present could be eradicated only by uprooting the plant. Big estates are subjected to this disease resulting in complete destruction. So far no remedy has been found and research has not come to the rescue of the planters. This situation must be overcome and the present system of agricultural research carried on in the country must be bifurcated into fundamental research and applied research. The fundamental research part of it must be assigned to the Centre and the Commodity boards and applied research must be entrusted to the States. By improving the standard of research and enabling the agriculturist to get the benefit of research, it would be possible to safeguard the interests of agriculturists and improve production as also improve exports to earn the much-needed foreign exchange. If agriculture is improved, then only the requisite raw material for industrial development and the foreign exchange required for the country could be secured.

I would like to make one more suggestion at this moment. The Government is having a proposal to instal the statues of leaders of all-India eminence in our capital city. It would be better if leaders of eminence from all States are also recognised. To impress that due representation to the various States and regions of the country is given, statues of leaders must be installed after proper selection.

With these words, I conclude.

**श्री चांडक** (छिंदवाड़ा) : सभापति महोदय, काफी प्रतीक्षा करने के बाद आज. . .

**श्री हरि विष्णु कामत** : प्रतीक्षा में आनन्द है ।

**श्री चांडक** : कुछ कहने का मौका मिल रहा है । महामहिम प्रेजीडेंट महोदय ने. . . .

**श्री हुकम चन्द कछवाय** (देवास) सभापति महोदय, मैं आप की व्यवस्था चाहता हूं । हाउस में गणपूर्ति नहीं है ।

**Mr. Chairman:** The bell is being rung. . . . Now there is quorum. The hon. Member may continue his speech.

**श्री चांडक** : प्रेजीडेंट महोदय ने गत वर्ष में जो घटनायें घटीं उन सारी घटनाओं पर और आने वाले एक वर्ष के लिये सरकार की नीतियों आदि पर प्रकाश काफी अच्छी तरह से डाला है और हमारा मार्गदर्शन किया है ।

गत कुछ महीनों में हम लोग बहुत कठिनाई में से गुजरे हैं । प्रथम तो पाकिस्तान ने हम पर आक्रमण किया और लड़ाई हुई । इस से हमें काफी सदमा पहुंचा । लेकिन एक बात से हमें बहुत तसल्ली होना स्वाभाविक है । इस लड़ाई में भारतवर्ष ने जो एकता, अखण्डता और पुरुषार्थ का परिचय दिया है और हमारे वीर सैनिकों ने जिस तरह से भारत

[श्री चांडक]

का नाम ऊंचा किया है, और फिर से दुनिया को यह दिखा दिया है कि भारतीय सैनिक ऊंचे दर्जे के सैनिक हैं, उस पर यदि हम गर्व करें तो यह अनुचित नहीं होगा। भारत के लोगों ने यह दिखा दिया है कि वे अपने मुल्क के लिए सब कुछ देने को हमेशा तैयार हैं।

दूसरी घटना वह है जब कि हमारे परम प्रिय प्रधान मंत्री स्वर्गीय श्री लाल बहादुर शास्त्री ने ताशकंद में जा कर एग्रीमेंट किया और उस के द्वारा संसार को शान्ति की स्थापना का एक पैगाम दिया है। यहां काफी चर्चा ताशकंद एग्रीमेंट पर हो चुकी है। लेकिन मेरा अपना ख्याल है कि जहां तक ताशकंद एग्रीमेंट का सम्बन्ध है यह केवल नो-वार पैक्ट ही नहीं है लेकिन जिस बात पर हमारे पूज्य गांधी जी ने हमेशा विश्वास किया था और आजादी की लड़ाई में हमारा मार्गदर्शन किया था और यह कहा था कि हृदय परिवर्तन से बहुत सी बातें हो सकती हैं, उस का भी यह एक ज्वलंत प्रमाण है। गत अठारह वर्षों में हम ने हमेशा प्रयत्न किया कि पाकिस्तान के साथ हमारा नो-वार पैक्ट हो जाए लेकिन पाकिस्तान ने इस बात को कभी मंजूर नहीं किया। लेकिन जब यह बात मालूम हो गई और दुनिया के लोगों ने भी इस को समझ लिया कि लड़ाई से मसले हल नहीं होते, लड़ाई से मसले बढ़ते हैं और इस लिये लड़ाई का मार्ग छोड़ कर आपस में बैठ कर यदि कोई उलझनें हों तो उन को हम मिटा सकते हैं और लड़ाई कोई जरिया नहीं है मसलों को हल करने का, तो पाकिस्तान का भी हृदय परिवर्तन हुआ और वह इस बात के लिये मजबूर हुआ कि हमारे साथ एक पैक्ट करे, समझौता करे। मैं समझता हूं कि शास्त्री जी ने न केवल खुद गांधी जी के कदमों पर चलने की कोशिश की बल्कि इस मुल्क को भी चलाने की कोशिश की और अपने इस अठारह महीने के कार्यकाल में उन्हों ने यह दिखा दिया कि वह कितने साहसी हैं, कितनी हिम्मतवाले हैं, संकट के समय में कितनी दृढ़ता से वह आगे बढ़ सकते हैं और शान्ति के समय में शान्ति की खोज में हमेशा तत्पर रहते हैं।

शास्त्री जी सिद्धान्तों पर हमेशा अटल रहे। वह निर्भीक थे, साहसी थे, सरल थे, स्वभाव से विनम्र थे और वाणी से मधुर थे। अपने इन गुणों के कारण उन्हों ने हिन्दुस्तान के करोड़ों लोगों के मनों पर राज्य किया, लोगों के मनों को जीता और ताशकंद एग्रीमेंट कर के मानवता और दूरदर्शिता का परिचय दिया। शास्त्री जी शान्ति के महान पुजारी और पथप्रदर्शक बन गए और वह केवल हिन्दुस्तान और पाकिस्तान में ही नहीं बल्कि संसार के लिए शान्ति का मार्ग खोल गए, संसार के लोगों का पथप्रदर्शन कर गए। बहुत से माननीय सदस्यों ने अपनी शंकायें प्रकट की हैं, सन्देह प्रकट किया है और उन का निराकरण भी किया गया है। मेरी अपनी राय है कि यह सही है कि पाकिस्तान के साथ हमारा जो ताशकंद एग्रीमेंट हुआ है उस को हमें पूरी ईमानदारी के साथ, प्रामाणिकता के साथ पूरा करना चाहिये। हमें यह भी भरोसा करना चाहिये कि पाकिस्तान भी उसे उसी ईमानदारी और प्रामाणिकता के साथ पूरा करेगा। कहा जाता है उत्तरी सीमा पर चीन का हमें डर है। बात सच है। जो उन की कार्यवाहियां होती हैं, जिस प्रकार से वह व्यवहार कर रहे हैं उस से हमें डर लगा रहता है कि कहीं किसी भी मौके पर आक्रमण न हो जाय। लेकिन यह बात हमारी तैयारी पर निर्भर करती है। ताशकंद समझौते का यह मतलब नहीं है कि हम फौजी दृष्टि से, अपनी रक्षा की दृष्टि से कमजोर बने रहें। रक्षा पर हमें हमेशा ध्यान देना है और अपनी ताकत को अधिक से अधिक बढ़ा कर रखना है।

चेयरमैन महोदय, दूसरी बात विदेश नीति के सम्बन्ध में है। विदेश नीति के सम्बन्ध में कई लोगों ने और हमारे मित्र दंडेकर जी ने ध्यान दिलाया। आज वह मौजूद नहीं हैं।

उन्हों ने कुछ मखौल भी उड़ाया लेकिन मैं आप से अर्ज करना चाहता हूं कि जिस विदेश नीति की स्थापना गांधी जी ने और पंडित जवाहर लाल नेहरू के जो कि भारत के हृदय-सम्राट थे, उन्हों ने की और भूतपूर्व प्रधान मंत्री ने की, वह बहुत सोच समझकर वदेश नीति की नींव डाली गई। विदेश नीति हमारी क्या है कि हम शांतिपूर्ण सह-जीवन चाहते हैं। दूसरों के आन्तरिक मसलों में हम हस्तक्षेप करना नहीं चाहते न हम किसी का हस्तक्षेप चाहते हैं, गुटों से विमुक्त रहना चाहते हैं, और झगड़ों को तय करने में बल प्रयोग का परित्याग करना चाहते हैं। इस से बढ़िया दूसरी कौन सी विदेश नीति हो सकती है? और इसी विदेश नीति ने हम तो यह मानते हैं कि हमारे मुल्क का कल्याण किया है और आज इसी के कारण संसार में एक केवल चीन को छोड़ कर सारे मुल्क हमारे मित्र हैं। मैं आप से अर्ज करना चाहता हूं कि यह विदेश नीति हमारी मजबूत है, ठोस है। हम किसी गुट में शामिल होना नहीं चाहते लेकिन अपने पैरों पर खड़े रह कर अपनी स्वतंत्र बात को स्वतन्त्र रूप से कहना चाहते हैं।

मैं कहूंगा कि यह हमारी विदेश नीति है जिस के पालन से आज संसार के सब राष्ट्र हमारे मित्र हैं। हम सब को मित्र रखना चाहते हैं, और सब के मित्र बनना चाहते हैं। इस से बढ़ कर कोई दूसरी विदेश नीति नहीं हो सकती है। इसी नीति को अपनाना चाहिए और इसी का मैं समर्थन करता हूं।

श्रीमान, दूसरी आन्तरिक बातें हैं। आजकल हमारे देश की आन्तरिक आर्थिक नीति के अन्दर दो बातें हैं। एक तरफ तो हम देखते हैं कि हमारा औद्योगिक विकास जिस परिमाण में होना चाहिये वह नहीं हो रहा है और हमारा उत्पादन धीरे-धीरे घटता जा रहा है। उस में जितनी पूंजी प्राइवट सैक्टर में लगनी चाहिए वह नहीं लग रही है। उत्पादन घट रहा है। यह हम देखते है। लेकिन दूसरी तरफ अन्न की पैदावार, खेती का उत्पादन भी बढ़ाने की आवश्यकता है। मैं एक बात आप से कहना चाहूंगा क्योंकि हम ने यह पब्लिक सैक्टर और प्राइवेट सैक्टर ऐसी इस प्रकारकी चीजें बना कर रखी हैं और एक मोनोपली कमीशन का भी जिक्र यहां बहुत किया गया, मैं मानता हूं कि किसी भी छोटे ग्रुप के हाथ में या कुछ व्यक्तियों के हाथ में मुल्क की आर्थिक सत्ता हो, यह बात अच्छी नहीं हो सकती है। मेरा ख्याल है कि पुंजी का विभाजन इस तरह से होना चाहिए कि वह हमारे उद्देश्य के अनुरूप हो। आखिर हमारा मुख्य उद्देश्य क्या है? हमारा मुख्य उद्देश्य है कि इस मुल्क के अन्दर हम ऐसे समाज का निर्माण करें जो एक्स-प्लायटेशन से रहित हो, सब लोग सुखी हों, सम्पन्न हों, हम किसी इज्म में नहीं पड़ना चाहते, कैपिटलिज्म हम नहीं चाहते, हम सोशलिज्म के पक्षपाती हैं लेकिन किसी प्रकार का डागमेटिक सोशलिज्म भी हम नहीं चाहते। अगर मोनोपाली किसी छोटे ग्रुप के हाथ में हो या कुछ लोगों के हाथ में आर्थिक सत्ता जाय, यह भी हम नहीं चाहते। गांधी जी यह भी कहते थे कि सरकार के हाथ में भी पूंजी का एकाधिपत्य नहीं जाना चाहिए। तो सवाल यह है कि उद्योग धन्धों का भी वितरण इस प्रकार से हो कि जिस में, हर एक आदमी को जो काम करना चाहते हैं काम करने का मौका मिले और इस के लिये बहुत सारे लोग इन बन्धनों को बुरा समझते हैं कि जिस की वजह से कुछ लोग जो काम करना भी चाहते हैं छोटे मोटे लोग वह काम नहीं कर सकते हैं। लाइसेंसिंग पद्धति इत्यादि इतनी जटिल हो जाती हैं कि जिस में वह काम नहीं कर सकते हैं। तो मैं यह समझता हूं कि जहां सारा कच्चा माल मुल्क का है, लोग पंजी भी लगाना चाहते हैं और मार्केट भी अवेलबिल है, तो ऐसे जो छोटे मोटे उद्योगधन्धे हों, उनमें लाइसेंसिंग पद्धति यदि न रहे तो भी काम चल सकता है या यदि रहे तो इतनी सरल रहे कि हर एक को काम करने का मौका मिले।

अब सबसे बड़ा सवाल है खेती के उत्पादन का। 18 वर्ष हो गए जबसे

[श्री चाण्डक]

हमने काम शुरू किया है, जब से हम आजाद हुए हैं। हर साल इस बात पर जोर देते आये हैं कि अन्न के बारे में हम स्वावलम्बी बनें। लेकिन दुर्भाग्य की बात है कि कुछ वर्षों से, सात-आठ वर्षों से यह हालत रही है कि हर साल हमें ज्यादा से ज्यादा अन्न बाहर से मंगाना पड़ रहा है। यह स्थिति बहुत अच्छी नहीं है। अन्न के उत्पादन पर हमें अधिक से अधिक जोर देने की आवश्यकता है। लेकिन सवाल यह है कि खेती का उत्पादन बढ़े कैसे ? हमने बहुत बड़े-बड़े डैम्स बनाये हैं . . .

**सभापति महोदय** : अब खत्म कीजिए।

**श्री चांडक** : कृपा करके पांच मिनट और दे दीजिए।

लेकिन उसका फायदा हमको जितना मिलना चाहिए वह नहीं मिल रहा है। खेती का उत्पादन बढ़ना और हर तरह का उत्तपादन बढ़ना आवश्यक है। प्रेसीडेंट महोदय ने उस तरफ ध्यान दिलाया है। आज हम जितना भी फारेन एक्सचेंज इकट्ठा करते हैं, जितना माल बाहर भेजते हैं मेरा ऐसा ख्याल है कि वह 65 परसेंट से अधिक केवल खेती का ही उत्पादन है चाहे वह चाय हो, चाहे काफी हो, चाहे तम्बाकू हो, चीनी हो, जो भी चीज हम भेजते हैं वह सब खेती का ही उत्पादन है और वह 65 परसेंट से ज्यादा है। तो खेती के उत्पादन की तरफ भी हमें अधिक से अधिक ध्यान देना है। लेकिन मेरा एक निवेदन है कि खेती की तरफ बहुत ध्यान देने की बात होती है। हर एक आदमी कृषि और कृषक के बारे में बोलता है लेकिन जब तक आप कृषि को इंडस्ट्रियल बेसिस पर ट्रीट नहीं करेंगे, उसे आप बेसिक इंडस्ट्री नहीं समझेंगे तब तक पूरा ध्यान उस तरफ को जाने वाला नहीं है। इसलिए मैं आपसे निवेदन करूंगा कि खेती को एक इंडस्ट्री समझना चाहिए, बेसिक इंडस्ट्री समझ कर जिस प्रकार इंडस्ट्री के लिए जब पूरा ध्यान देते हैं उसी तरह से खेती की तरफ भी ध्यान देने की आवश्यकता है।

**श्री हुकम चन्द कछवाय** : माननीय सभापति महोदय; मैं कुछ बोलूं उसके पहले थोड़ी गणपूर्ति करवा दें तो ज्यादा अच्छा हो।

**Mr. Chairman:** There is quorum in the House.

**श्री हुकम चन्द कछवाय** : अध्यक्ष महोदय, राष्ट्रपति जी को मैं धन्यवाद देता हूं कि उन्होंने साल भर का पूरा हिसाब हम लोगों के सामने रखा कि हमने पिछले साल क्या किया। हमारे देश में कुछ लोगों के द्वारा और सरकार द्वारा यह त्रिभाषा फारमूला जो लागू है, मैं इसमें कुछ संशोधन करना चाहता हूं। सरकार ने रखा है कि एक प्रदेशिक पहली भाषा होगी, दूसरी अंग्रेजी होगी और तीसरी हिन्दी होगी। सभी प्रान्तों में जो भाषायें चलती हैं वे अधिकांश संस्कृत से ही निकली है। मैं यह कहूंगा कि अंग्रेजी के स्थान पर संस्कृत रखी जाय और राजभाषा में, अपने प्रान्त की भाषा में सारा काम काज हो तथा केन्द्र से सारा सम्बन्ध हिन्दी में हो।

जहां तक हमारे केन्द्र का सवाल है दिन प्रतिदिन ऐसा देखा गया कि मुख्य मंत्रियों के दबाव में सरकार झुकती चली जा रही है। उदाहरण के तौर पर हाल ही में जयपुर में कांग्रेस का अधिवेशन हुआ। वहां काफी बहुमत से यह प्रस्ताव पास किया गया कि यह जो जोन्स की प्रथा है यह क्षेत्रवादी है इसे समाप्त किया जाय।

वहां माना गया और प्रस्ताव पास किया गया लेकिन जब उसके थोड़े दिनों के बाद दिल्ली में सारे मुख्य मंत्री मिले और उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि यह नहीं होना चाहिए तो सरकार ने वैसा मान लिया और पहले वाले प्रस्ताव को ठुकरा कर फिर से नीति रख दी कि हम यह जोन प्रथा नहीं तोड़ेंगे। मैं यह कहना चाहता हूं कि क्या केन्द्रीय सरकार मुख्य मंत्रियों के आदेश पर चलने वाली है उनके दबाव में चलने वाली है? मुझे खेद है कि राष्ट्रपति जी ने अपने भाषण में मजदूरों का उल्लेख नहीं किया। अब आये दिन समाचारपत्रों में छपता है कि फलाने स्थान पर मजदूर हड़ताल कर रहे है फलानें स्थान पर फैक्टरी बद हो रही हैं, या अमुक स्थान पर इतने हजार लोग छांटे जायेंगे। दिल्ली क्लाथ मिल पिछले 6, 7 या 8 रोज से बंद पड़ी हुई है। किस कारण से वह बंद पड़ी है। और सरकार उसके लिए क्यों ध्यान नहीं देती? भिलाई में भी मजदूरों में असन्तोष है। इसी तरह से कोटा में स्ट्राबोर्डस बनाने की फैक्टरी काफी दिनों से बंद पड़ी है और जिसके फलस्वरूप 350 मजदूर बेकार पड़े हुए हैं। इस प्रकार की जो घटनाएं होती हैं वह ठीक नहीं हैं।

**Shri N. Sreekantan Nair** (Quilon): There is no quorum in the House.

**Mr. Chairman**: The bell is being rung—now there is quorum.

**श्री हुकम चन्द कछवाय** : हमारे देश-वासियों को विदेशी गेहूं खाने को दिया जा रहा है। अब सिद्धान्त यह है कि जैसा खायोगे वैसी बुद्धि होगी। बहुत से लोग जो आज अमरीका की दुहाई देते हैं, अमरीका की तारीफ करते हैं और मांग करते हैं कि अमरीका से अनाज आना चाहिए, अमरीका से अनाज आने की तारीफ करते हैं, मैं उसके विरोध में हूं। हमारे देश में काफी अनाज मौजूद है। आज एक प्रश्न के उत्तर में हमने देखा कि पंजाब के अन्दर काफी अनाज पड़ा हुआ है। उसे सरकार अपने ढंग से खरीदती है, व्यापारियों को नहीं खरीदने देती और अपने ढंग से खरीद कर उसको दुगने भाव में दूसरे प्रान्तों को भेजती है। इसी प्रकार से मध्य प्रदेश में मध्यप्रदेश के काश्तकारों से जो अनाज खरीदा जाता है वह काफी सस्ते दामों पर खरीदते हैं। 20 रुपया और 25 रुपया क्विंटल मुनाफा लेकर वह दूसरों को बचते हैं। मैं समझता हूं कि इस प्रकार से जो राज्य सरकारें मुनाफाखोरी करती हैं उस पर केन्द्रीय सरकार को ध्यान देना चाहिए। लेकिन छोटे छोटे व्यापारी अगर थोड़ा मुनाफा कमाते हैं तो उनको सुरक्षा कानून में बंद किया जाता है। इस सुरक्षा कानून का एक बवंडर मचा रक्खा है सारे देश में। हकीकत यह है कि इस सुरक्षा कानून का दुरुपयोग शासक वर्ग ने अपने दल के हित के लिए किया है, अपनी पार्टी के लिए लिया है और अपनी सरकार को बचाने के लिए लिया है। मैं सुरक्षा कानून का घोर विरोध करता हूं।

मैं इस का एक उदाहरण देना चाहता हूं। मंदसौर के एक जनसंघ अध्यक्ष श्री सूरजमल जैन सुरक्षा कानून के अन्दर पकड़ा गया। जब उसका फैसला हुआ तो मालूम पड़ा कि उनके साथ कलक्टर की व्यक्तिगत दुश्मनी थी इसलिए उन पर यह सुरक्षा कानून लगा कर उन्हें गिरफ्तार किया। हाई-कोर्ट ने फैसला दिया कि तुम्हें बरी किया जाता है तुम निर्दोष हो। दरअसल इस कानून का उपयोग सत्ताधारी वर्ग अपने व्यक्तिगत लाभ के लिए करता है। अब अगर किसी ने नेता के खिलाफ कुछ बुरा भला कह दिया तो उन्होंने पुलिस को सिखा दिया कि इसे सुरक्षा कानून के अन्दर

[श्री हुकम चन्द कछवाय]

बंद कर दिया जाय । दरअसल उसका नाजायज फायदा उठाया गया है । सत्ताधारी वर्ग द्वारा अपने दल के लाभ के लिए उसका इस्तेमाल हुआ है । आज उसका कौन सा महत्व है ? आप समझते हैं कि चीन का संकट है । ठीक है सारे देश की जनता समझती है लेकिन आप ने क्या किया ? उस के लिए आप ने ताशकंद वार्ता पाकिस्तान से संघर्ष के बाद की । उस के बारे में कहते हैं कि हृदय परिवर्तन होगा । इस समझौते के बाद में क्या हुआ । हम ने उन के सैनिक छोड़ दिये क्योंकि उन्होंने हमारे सैनिक छोड़ दिये । हम ने जो पाकिस्तान के सैनिक छोड़े हाल में तो हर सैनिक का वजन बढ़ा कर छोड़ा । इसके विपरीत हम क्या देखते हैं ? उन्होंने जो हमारे 1200 नागरिक पकड़े थे और जब उन्होंने उन को छोड़ा तो उन्होंने 1200 में से दो हमको मरे हुए दिये और अनेक नागरिक बीमारी की हालत में थे । उनको उन्होंने अपने यहां ठीक से खाना नहीं दिया और उन के साथ अच्छा व्यवहार नहीं रक्खा था । पाकिस्तान में भी हालात के मुताबिक हृदय परिवर्तन हुआ है उसका आभास हमें अभी तक देखने को नहीं मिला है । और मालूम ऐसा देता है कि जो उस की आदत है वह उससे बाज आने वाला नहीं है ।

अभी हमारे शास्त्री जी जब यात्रा पर गये तो वह रंगून भी जाने वाले थे । रंगून में वह बहादुर शाह की दरगाह पर जाने वाले थे । लेकिन उन्हें पता लगा कि बहादुरशाह की समाधि पर भुट्टो का चित्र लगा है इसलिए उन्होंने अपना इरादा बदल दिया और कह दिया कि मैं नहीं जा सकता । अगर हमारे शत्रु का चित्र वहां पर लगा हुआ है तो मैं उस स्थान पर जाने से इंकार करता हूं । उन्होंने वहां जाने का अपना कार्यक्रम रद्द कर दिया । अब मैं पूछता हूं इस सरकार से जो कि अपने सिद्धान्त पर इतनी अटल है वह शास्त्री जी की मृत्यु वहां ताशकंद में जिन परिस्थितियों में हुई उन के बारे में पूरी तरह से जांच करने को तैयार क्यों नहीं है ? शास्त्री जी की मृत्यु को लेकर अनेक प्रकार के लोगों से अनेक बातें सुनने को मिलती हैं । सवाल यह पूछा गया है कि शास्त्री जी ने जब सोने से पहले एक गिलास दूध पिया था तो उस की क्या कोई जांच की गई कि उस में क्या था ? लेकिन इस का सरकार की ओर से कोई संतोषजनक उत्तर नहीं आया । दूसरी बात मैं यह कहना चाहता हूं कि जिस समय शास्त्री जी की मृत्यु वहां पर हुई तो रूस के जो रसोइये थे और हमारे दूतावास के जो रसोइये थे उन के जो बयान लिये गये, जो अपने-अपने वक्तव्य दिये उसमें उन्होंने क्या-क्या कहा, वह सारे के सारे बयानात रूस सरकार से मंगवा कर सदन् को बताना चाहिए और इस देश की जनता को बताना चाहिए कि उसको लेकर अनेक प्रकार की शंकाएं यहां लोगों में फैल रही हैं । इस की पूरी जवाबदेही श्री स्वर्ण सिंह और चह्वाण साहब पर आती है । हम शांति के अग्रदूत हैं, हम शान्ति की बातें करते हैं फिर भी हम पर हमले होते हैं । हम शांति चाहते है फिर भी हमें पाकिस्तान छेड़ता है, हमें चीन छेड़ता है। इतना शान्तिप्रिय होने के बाद भी और जिस दल के द्वारा यह नारा लगाने पर कि हम शांति चाहते हैं जरा उस दल की तरफ निगाह उठा कर तो देखिये कि खुद उन के अपने अंदर क्या हालत हो रही है ? उनमें आपस में कैसे जूता चल रहा है और कैसे एक दूसरे को गिराने की चेष्टा हो रही है ? जयपुर में उन की खुद आपस में जो हालत हुई वह सब हम लोगों के सामने है ।

आज आवश्यकता इस बात की है कि जो भी देश शांति की बात करे वह पहले बलशाली बने । शांति की बात कहने से पहले हमें अपने को बलशाली बनाना चाहिए तभी हमारी शांति की बात की संसार में कद्र होगी । अपने को शक्तिशाली और बलशाली बनाने के लिए ऐटम बम और अणु बम बनाने चाहिए और उस के लिए जो भी खर्चा हो वह हमें खर्च करने में हिचकिचाना नहीं चाहिए । क्योंकि हमारे यहां ऐसे पदार्थ हैं, ऐसी चीजें हैं, सभापति महोदय, जिनकी सहायता से हम इस को काफ़ी सस्ता बना सकते हैं। जिनके पास शक्ति है, दुनिया उस से डरती है और वही स्वाभिमान से कह सकता है कि हम शान्ति चाहते हैं ।

एक बात मैं अनाज के सम्बन्ध में कहना चाहता हूं । सरकार उसके बारे में ठीक ढंग से निर्णय नहीं कर पाई है । सरकार की अनाज बांटने की व्यवस्था में काफ़ी गड़बड़ है। अनाज ज्यादा पैदा होना चाहिये, उसका सीधा तरीका है कि काश्तकार को ज्यादा सहायता दी जाय । छोटी-छोटी योजनायें हों, कुएं खोदे जांय, छोटे बांध बनाये जांय और काश्तकारों को सस्ते दामों पर खाद मिलनी चाहिये, जिस के कारण से वह ज्यादा अनाज पैदा कर सके । आप खाद दे देंगे, बीज दे देंगे, लेकिन प्रमुख चीज़ है— वह है पानी । उन्हें जब तक पानी नहीं मिलेगा, उनका काम नहीं चल सकता है । पानी हर जगह लगता है । वैसे वे साल भर में एक बार फसल लाते हैं लेकिन अगर पानी पर्याप्त मात्रा में आप ने दिया तो, सभापति महोदय, मुझे ऐसा लगता है कि वे तीन फसल साल भर में देंगे और हमारी समस्या समाप्त होगी ।

मैं एक बात और कहना चाहता हूं, जब से यह विवाद चली है, जितने भी विरोधी पक्ष ने यहां विचार रखे, किसी भी मंत्री ने उनके नोट्स नहीं लिये, आपस में बात करते रहे । वे तो यह मान कर चलते हैं कि जो कांग्रेस पार्टी कहती है, वह ठीक है, चाहे वह कुछ भी हो । लेकिन प्रजातन्त्र के अन्दर ऐसी बात नहीं है । आज विरोधियों को अपनी बात रखने का अधिकार है, हमारे ज्यादा अनुभव है, उसके आधार पर हम उनको सुझाव देते हैं, लेकिन मुझे खेद के साथ कहना पड़ता है कि सरकार की ओर से कोई नोट नहीं लिये जाते । सरकार जब जवाब देगी, प्रधान मंत्री जब जवाब देंगे तो मुझे उम्मीद है कि वह उन सब बातों का जवाब देंगे जो हम ने यहां पर रखी हैं और वह उन सब मूलभूत सुझावों पर प्रकाश डालेंगे जिस से हम समझते हैं कि हम आगे काम कर पायेंगे ।

**Shri Abdul Ghani Goni** (Jammu and Kashmir): While supporting the motion on the President's Address, which has been under discussion for the last three or four days, I am happy to say that the President has given a picture of the mind of the nation. Of course, the Address seems to be a very brief one, but if we interpret it and read between the lines, we find so many things in it.

While discussing about the foreign policy, the first issue he has placed before us is the maintenance of peace nationally and internationally. During the last year, particularly, we had surprising incidents througout the country. On the one hand, we had the food shortage. On the other, externally, we had an aggression by Pakistan. While some States particularly in the south were subjected to extreme difficulties in regard to food, we in the border areas, particularly in the Punjab and Jammu and Kashmir have suffered a lot due to the provocation from Pakistan and the armed aggression by Pakistan on our borders.

The people from Jammu and Kashmir and Punjab and West Bengal also had repeatedly warned the Government about the intentions of Pakistan, but I personally feel very sorry

[Shri Abdul Ghani Goni]

that no particular attention was given to the western side, especially the borders of Jammu and Kashmir and Punjab.

In this age, to talk of infiltrators coming into towns and devastating civil life and disturbing the civil administration is something very intriguing. If a nation so strong cannot defend its borders, then it does not deserve to be called a strong nation in the world these days.

**श्री हुकम चन्द कछवाय** : गण-पूर्ति नहीं है।

**Mr. Chairman:** The hon. Member Shri Abdul Ghani Goni may resume his seat for a while. There is no quorum. The bell is being rung—

Now, there is quorum. Shri Abdul Ghani Goni may now resume his speech.

**Shri Abdul Ghani Goni:** I was discussing about border defence. It is very easy to say that some infiltrators had come across the borders. But we people who are directly concerned, on the borders particularly of Jammu and Kashmir and Punjab know the effects of this infiltration and the violation of our borders. The country's defence is the primary duty of any government to whichever party it may belong. If our borders are not strong, then automatically our sovereignty and our independence are in danger.

This kind of crossing over the borders is something unheard of in other countries. I have read some articles about border defence, and I find that anybody crossing the border without a valid licence or who goes there in an unauthorised way goes straightway to the 'poles'. Such are the defence arrangements in other countries. But I do not know why in India this border defence particularly is not attended to. The people outside must be laughing that the country has such a weak defence that hundreds and thousands of people, fully armed, could come into the cities and disturb the civil life and devastate the civil administration. After this aggression, we know the effects we have had in Jammu and Kashmir. I know how the people had to face the aggression, and how they were displaced and had to move from place to place. Internally also, I claim that no good arrangements were made for those evicted from the border areas or displaced from our own areas due to the Army movement. These things exhibit a very sorry state of affairs. Now, all of a sudden we withdraw from all our posts. Particularly, when we claim and we declare that some areas liberated from the occupied areas belong to us, when we say, for instance, that Haji Pir belongs to us and other areas belong to us, I do not know how we silently and mildly withdraw our forces even from those areas; we people find it very difficult to judge the policies of the Central Government. On the one hand, we claim that Kashmir as a whole is a part of the country and is part of India, not only the Kashmir which is on this side of the cease-fire line but the Kashmir which is on the other side of the cease-fire line. But today we compromise again. I find from the papers that our delegation is again going to Rawalpindi. I have read the statements of our Foreign Minister and Commerce Minister that some economic problems and other such problems are going to be discussed. They may discuss any thing. We want peace. We do not want war. The whole nation is a well-wisher of the Pakistani people. We do not want to harm them. But tell us, for god's sake, why do you compromise things? You compromised once with the League and partitioned the country. You have compromised again and now you are going to compromise again.

Has the Central Government any definite policy in this matter? The nation should be told about it.

I would request the leader of our delegation which is going to West Pakistan to tell them frankly—fortunately he is here now—that 'we do not want to talk to you on the Kashmir issue in future. Kashmir is India, a part of India.'

**Shri Muthyal Rao** (Mahbubnagar): India is Kashmir.

**Shri Abdul Ghani Goni:** India is Kashmir. If there are any barriers between Jammu and Kashmir and India now, let us remove them also. Last time, I talked about the abrogation of art. 370. Why should art. 370 be there now? It was a demand we made sometime ago on behalf of Jammu and Kashmir. Jammu and Kashmir was backward because it was ruled by one man. It needed special attention. But for the last 18 years we have seen that the Centre has not paid that due attention to the development of Kashmir, a most backward State in the country. There is no Central project there. May I know why this discriminatory treatment to Kashmir? There was a time when we wanted some special status; there was a time when we wanted some special safeguards. With that we have gradually come nearer. But still our demand is there. The time has come for the abrogation of article 370. The State Constitution should also be scrapped . . .

**Shri Sham Lal Saraf** (Jammu and Kashmir): The sooner the better.

**Shri Abdul Ghani Goni:** . . . . . . . . . so that the Kashmir people know that it is India and that they have to progress as other States of India are progressing.

So I would request the External Affairs Minister to take this step externally and tell Pakistan that we will not talk to them about Kashmir; rather we should demand of them that they vacate the occupied part of Kashmir and restore it to us. All the Pakistani forces, whether regular or irregular, should be withdrawn from that part, so that the territorial sovereignty of Jammu and Kashmir is restored as it obtained on 15 August 1947.

**श्री मधु लिमये** (मुंगेर) : आप इसकी बात कर रहे हैं और ये हाजीपीर वगैरह वार्ता कर रहे हैं ।

**Shri Abdul Ghani Goni:** For this we have arguments. In Jammu and Kashmir, we have an Assembly. We drafted a Constitution under the direction of Parliament. We have got 25 seats reserved for those people in that part. They have not so far benefited. So Sardar Swaran Singh should take this up so that those people are enabled to attend our Assembly, so that our full Assembly comes into existence and the territorial sovereignty of Jammu and Kashmir is restored.

One thing I would like to impress upon the members of this House. Kashmir is a flower garden of India. It is the beauty of India. If, God forbid, something is hidden in the Tashkent agreement, if there is something not openly declared in the Tashkent accord, and if we lose a part of Kashmir, I am sure this country will be doomed and this country will not remain a solid integrated country without that beauty. So I would request that steps be taken in such a manner that not only Pakistan but other foreign countries also, particularly western countries, know about our stand. I am happy that our External Affairs Ministry has done well to some extent, not fully. They have argued the case and now we understand that the western powers understand our point of view. They know that India is very particular about Kashmir now. Formerly, some business guys, some capitalists used to visit America and tell Washington 'We are not so much

[Shri Abdul Ghani Goni]

interested in Kashmir'. But our recent reply to Pakistan's aggression and our firm stand in foreign countries have made them come to the conclusion that India means business about Kashmir now. This stand should continue. I know Sardar Swaran Singh personally. He is a very mild person, listens to everybody and then he does things according to his own tastes.

There is one thing on which I must congratulate the House and Government. This time some steps, concrete steps, are taken towards the emotional and constructive integration of Kashmir. For instance, the Railway Ministry deserves congratulations. For the first time, Kashmir will be put on the railway map of India. From Kathua to Pathankot, we have got a railway; it is only a few miles. I would request the Ministry that this railway line should be extended upto Jammu at least, and within a few years; it should not take another 15 years. Formerly, we had a railway line upto Jammu. But for the last 18 years, there has been no railway connection; there has been only one road from Jammu to Pathankot. Those Members who have visited that area know its vulnerability to Pakistan's aggression. We pointed this out. But nobody listened to us. So I request—our Members from that State have represented this matter—that an alternate road should be constructed connecting Chamba in Himachal Pradesh with Bhadarwa, (Doda district). With only one road, the Jammu-Pathankot road, our communications were disrupted and dislocated, as a result of which we suffered a lot, economically and otherwise.

So, as I said, the railway line should be extended. This will also promote emotional integration. It will also be an earnest of our intentions, that India means business about Kashmir.

While on this point, I would repeat what I said about the lack of central schemes in Kashmir. There is no central scheme sponsored there. Kashmir is called 'Switzerland of the East'. How much has it progressed economically? That can be judged by seeing how many development projects have been started there. As I said, there has been no central scheme so far there, although it has great potentialities for such schemes. Foreign experts were sent to Kashmir. They surveyed the whole area. They have suggested so many schemes, extraction of coal, extraction of gas, manufacture of saffron, drugs, etc. But nothing has been done. All the reports are filed somewhere in the secretariat offices. I do not know what has happened to those reports.

I am happy that the country has for the first time taken up the issue of infiltration or transgression of ceasefire line as a national issue. For the last 18 years, we have been subjected to infiltrations and cease-fire violations; nobody cared. But this time, the nation as a whole rose as one man and stood against it. We bow our head to our jawans who have given a fitting reply to the invaders and covered themselves with glory in the process. Our people took it as an insult to the whole nation.

I read a statement recently by Sardar Swaran Singh in which he said that any attack on Kashmir will be an attack on India. He should stick to that now and in future.

**Shri Hari Vishnu Kamath:** It goes without saying, as it is an integral part of India.

**Shri Abdul Ghani Goni:** The policy of peace should not come in the way of this stand of ours. Peace does not mean bowing before the invader. It means defence of one's territory and sovereignty.

**Shri Hari Vishnu Kamath:** Peace with honour.

**Shri Abdul Ghani Goni:** When we talk of Kashmir as an integral part

of India, there are also some obligations cast on us, namely to look to the difficulties and necessities of the people there. Our refugees, about 1,20,000 of them, are at this time just in open camps. They want to be immediately rehabilitated. Now we have got the Chhamb area back and efforts at resettlement should be proceeded with, though mobility may not be easy now. But those who are in the open grounds as refugees should be immediately rehabilitated. The Central Government should give the maximum aid for the rehabilitation of these people.

Also, in future we must have the ceasefire line effectively guarded. What I mean is that it should not be guarded only with lathis and...

**An hon. Member:** Pill boxes.

**Shri Abdul Ghani Goni:** .. pill boxes. The line should be such that nobody would attempt to cross it, and anybody who does so, gets an electric shock, I mean to say, goes to the 'poles'.

That sort of defence should be there.

**Shri Hari Vishnu Kamath:** Electrified barbed wire.

**Mr. Chairman:** He has already taken 22 minutes.

**Shri Abdul Ghani Goni:** I will take one minute more.

Besides such defence, we want in Kashmir constitutional integration. The time is ripe for it. With the introduction of the Indian National Congress into the State, everybody expects that some good will come out of it. For that purpose also, they should have an effective organisation there. I do not challenge the PSP, they also have a right.

**Shri Hari Vishnu Kamath:** I hope so.

**Shri Abdul Ghani Goni:** But I want that this political integration should be in such a manner that all national elements should be brought together and there should be political stability in our State.

**श्री अचल सिंह** (आगरा) : अध्यक्ष महोदय, पिछले कई दिनों से सदन में महामना राष्ट्रपति जी के प्रति जो धंन्यवाद का प्रस्ताव पेश है, उस पर बहस कई दिनों से चल रही है। यह जो सदन का अधिवेशन आरम्भ हुआ, जिसको हमारे राष्ट्रपति जी ने ऐड्रस किया वह कुछ विशेष स्थितियों में हुआ क्योंकि पिछले 18 वर्षों से हमारे सम्बन्ध पाकिस्तान के साथ बहुत ही खराब थे। पाकिस्तान हिन्दुस्तान से बना है। आशा यह की जाती थी कि पाकिस्तान हिन्दुस्तान के सम्बन्ध मधुर रहेंगे, अच्छे रहेंगे। पर पिछले 18 वर्षों में लगातार पाकिस्तान के साथ सम्बन्ध खराब बने रहे। पाकिस्तान ने शुरू में सन् 1948 में काश्मीर पर हमला किया और उस वक्त काफी संघर्ष हुआ और काश्मीर को बचाया गया। उसके बाद हमेशा काश्मीर फ्रण्ट पर और पूर्वी बंगाल की सीमा पर पाकिस्तान गोलाबारी करता रहा और परेशान करता रहा और वह हमेशा काश्मीर में जनमत की मांग करता रहा। लेकिन चूंकि यह बिल्कुल साफ था कि काश्मीर हिन्दुस्तान में मिला था, काश्मीर हिन्दुस्तान का अभिन्न हिस्सा है तो उसमें कैसे कोई बात पैदा की जा सकती थी ? लेकिन पाकिस्तान अपनी मांग पर अड़ा रहा और हमेशा परेशानी पैदा करता रहा। बाद में रन आफ कच्छ पर उसने हमला किया। उसका भी मुकाबिला किया गया और वह ट्रिब्यूनल में गया। उसके बाद पाकिस्तान ने 5 अगस्त को घुसपैठियों द्वारा हमला शुरू कर दिया और फिर सितम्बर में उसने छम्ब एरिया में हमला किया।

13.41 hrs.

[श्री श्यामलाल सर्राफ पीठासीन हुए]

उसके बाद हमारी राष्ट्रीय सरकार ने मुनासिब समझा कि उसका डट कर मुकाबिला किया जावे और मुकाबिला किया गया।

[श्री भचल सिंह]

यह तीसरा मौका था जब हिन्दुस्तान को हथियार उठाने पड़े और डट कर मुकाबिला किया । बड़ी खुशी की बात है कि हमारे जवानों और हमारे अफसरों ने अपनी जान की बाजी लगा दी। जो पाकिस्तान को अमेरिका द्वारा पैटन टैंक और सेबर जहाज दिये गए थे उनके द्वारा उसने हमला किया लेकिन हमारे जवानों ने और अफसरों ने उन पैटन टैंकों और जहाजों को इस तरीके से चकनाचूर किया कि उनके छक्के छूट गए और तमाम संसार को जाहिर हो गया कि हिन्दुस्तान के जवान किस तरह बहादुरी से मुकाबिला कर सकते हैं। लगातार 23 दिनों तक घमासान युद्ध होता रहा। यू०एन०ओ० ने कोशिश की कि किसी तरह से सीज फायर होवे । हमारे शास्त्री जी हमेशा इस बात की कोशिश करते थे कि हमें किसी से लड़ाई नहीं लड़नी है और न किसी की नप्पा भर जमीन लेनी है। लेकिन पाकिस्तान ने यह तमाम खुराफात की। तो इस सूरत में शास्त्री जी ने फौरन इस बात को स्वीकार किया कि हम सीज फायर करने के लिए तैयार हैं बशर्ते कि पाकिस्तान अण्डरटेकिंग दे कि इस तरह की हरकतें आगे नहीं करेगा। तो 23 सितम्बर को युद्ध विराम हुआ । और यह बड़ी खुशी की बात है कि ऐसे मौके पर जबकि हिन्दुस्तान और पाकिस्तान में बड़ी कटुता थी, कैसे कोई बात करे, लेकिन रशिया के प्रधान मन्त्री कोसीजिन साहब ने आफर दिया इंडिया और पाकिस्तान को कि वह ताशकन्द में आयें और हम यहां पर बात कर सकते हैं और करा सकते हैं और एक समझौता हो सकता है और होना चाहिए। शास्त्री जी ने फौरन स्वीकार किया और बाद में प्रेसीडेंट अयूब ने भी मंजूर किया और शास्त्री जी और अयूब साहब ताशकन्द पहुंचे और सात आठ दिन तक लगातार बातें होती रहीं । यहां मालूम होता था कि कोई तरीका नहीं है कि कोई समझौता हो सके, कोई बात तय हो सके । लेकिन सन्तोष का विषय है कि 10 तारीख को यह खबर मिली कि अयूब साहब को सद्बुद्धि हुई और उन्होंने स्वीकार किया और एक घोषणा अथवा समझौता हुआ। लेकिन दुःख इस बात का है कि हमारे शास्त्री जी ने अपना काम पूरा किया लेकिन शास्त्री जी का उसके चन्द घंटे बाद स्वर्गवास हो गया। इसकी वजह से हमारे राष्ट्र को बड़ी क्षति पहुंची। शास्त्री जी ने 18 महीनों में वह काम किया जो कि 18 वर्षों में नहीं हुआ। आपस में पड़ोस से लड़ना या युद्ध जारी रखना, कभी हितकर नहीं हो सकता है। इसलिए यह जो ताशकन्द घोषणा हुई यह बहुत ही सफल हुई और पाकिस्तान हिन्दुस्तान के वास्ते तथा सारी दुनिया के वास्ते एक शान्ति स्थापित हुई। इस घोषणा में जो दस शर्तें हैं वह हमारे सामने हैं और उसके अनुसार 25 फरवरी तक तमाम फौजें वापस हो गई यानी पाकिस्तान की हिन्दुस्तान से और हिन्दुस्तान की पाकिस्तान से फौज वापस हो गई। अब आगे बातें चल रही हैं। शास्त्री जी ने जो यह काम किया है वह वाकई अद्वितीय काम है और साथ साथ जो रूस के प्रधान मन्त्री जिन्होंने इतनी हिम्मत की और दोनों को बुलाया और एक रास्ता निकाला, वाकई में वह हमारे धन्यवाद के पात्र हैं और उन्होंने विश्व की शान्ति में एक बहुत बड़ा काम किया ।

हमारे राष्ट्रपति जी ने करीब करीब सभी मुख्य मुख्य बातों पर प्रकाश डाला है। लेकिन खास तौर से चार पांच बातों पर आपका ध्यान आकर्षित करना चाहूंगा। हमारा देश बहुत बड़ा देश है और पिछले 14 वर्षों से पंचवर्षीय योजनाओं द्वारा . . .

**Shri S. M. Banerjee** (Kanpur): May I request you that the Minister should listen to the debate and not listen to family planning or something else?

**Mr. Chairman:** He is listening. The very same points may be discussed.

**श्री प्रबल सिंह** : हमने देश में काफी औद्योगीकरण किया है। यानी जो एक सूई तक हमारे देश में नहीं बनती थी, वह सूई के अलावा हवाई जहाज, पानी के जहाज, रेल के इंजिन, लोहा और लोहे के दूसरे सामान इत्यादि अनेक चीजें जो करोड़ों और अरबों रुपये की हम बाहर से मंगाते थे वह अब बनने लगी हैं जिनकी वजह से हमारा काफी एक्सचेंज बचा है। लेकिन दुख इस बात का है कि भारतवर्ष कृषि प्रधान मुल्क है और आज पिछले 16–17 वर्षों से इस खाद्य समस्या को पूरा करने का प्रयत्न किया जा रहा है मगर फिर भी दुर्भाग्यवश हम अपनी समस्या हल नहीं कर पा रहे हैं। इसका खास कारण यही है कि हमारी सरकार ने भारतवासियों की उस मनोवृत्ति को नहीं समझा है कि वह क्या चाहते हैं, किस तरीके से हम खाद्यान्न की इस कमी को पूरा कर सकते हैं ? जो हमारी सरकार की पालिसी है वह मेरे ख्याल से गलत अथवा समय के अनुसार नहीं है। हमारा देश एक बहुत बड़ा देश है। अगर कृषि मंत्री चाहें तमाम भारतवर्ष में एक सी हालत होवे तो वह मुमकिन नही है। हमेशा से हम देखते आये हैं कि किसी प्रान्त में बाढ़ आती है, किसी में वर्षा होती है, किसी में सूखा पड़ता है, कहीं दुर्भिक्ष पड़ता है, कहीं अच्छी फसल होती है तो यह होना स्वाभाविक है। यहां हमेशा से यह होता था कि जो स्टेट डैफिसिट होती थी वहां सरप्लस स्टेट से व्यापारी गल्ला ले आते थे और उन की कमी की पूर्ति हो जाती थी। लेकिन अब जोंस होने की वजह से यह सब आवागमन रुक गया है और उसका नतीजा यह हो गया है जैसा कि केरला में हम देखते हैं, वैस्ट बंगाल में हम देखते हैं तो यह बहुत ही गलत चीज है। अन्न की इतनी कमी नहीं है जितनी की हमारे प्रबन्ध और पालिसी की त्रुटि है।

**सभापति महोदय** : सेठ जी, आप का समय समाप्त हो गया है।

**श्री प्रबल सिंह** : मेरे ख्याल में न कंट्रोल्स भारत की जनता चाहती है और न वह जोंस और रैस्ट्रिकशंस चाहती है। वह खुला व्यापार चाहती है। लेकिन हमारे कृषि मंत्री उसपर जोर दे रहे हैं। अभी हमने देखा कि सीमेंट का कंट्रोल हटा, सब लोग बहुत खुश हुए क्योंकि सीमेंट की दिक्कत हट गई और वह आसानी से सब को मिलने लग गया। चीनी का देश में काफी उत्पादन है लेकिन चीनी का कंट्रोल नहीं हट रहा है। न मालूम सरकार का इस बारे में क्या ख्याल है क्या विचार है जब कि आज यू० पी० और बिहार में गुड़ में 50 परसेंट की गिरावट आ गई है ? जो गुड़ 34 रुपये था वह अब 18 रुपये मन तक बिक रहा है। इसी तरह से खडसारी 150 से नीचे आकर 100 रुपये क्विंटल बिक रही है। करोड़ों का नुकसान हो रहा है। मैंने कृषि मंत्री से रिक्वेस्ट की है कि वह फौरन चीनी पर से कंट्रोल हटायें लेकिन वह स्टेटमेंट देते हैं कि हम कंट्रोल नहीं हटा रहे हैं।

